'जीवन में संघर्ष का भी है अपना स्थान'

अजमेर (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव ऐपिस्टेमिको 2025 में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में संघर्ष के स्थान के बारे में चर्चा की। होनहार छात्राओं को विकसित भारत का आधार बताया।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी शनिवार को राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय माकुपुरा में वार्षिक उत्सव समारोह ऐपिस्टेमिको 2025 को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय स्थापना के समय उत्तर भारत का एकमात्र महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय था। इस महाविद्यालय के माध्यम से देश को कई होनहार प्रतिभाएं मिल रही है। ये होनहार छात्राएं ही विकसित भारत का आधार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास कर रहे है। यह युवाओं के सहयोग से ही सम्भव होगा। राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ देश को स्वावलम्बी बनाने के लिए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि युवाओं को तनाव रहित जीवन का स्वभाव बनाना चाहिए। तनाव से व्यक्ति की क्षमताओं में कमी होती है। युवाओं को राम, कृष्ण एवं विवेकानन्द जैसे आदर्श सामने रखकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। युवाओं को देश को युगानुकूल तथ युग को देशानुकूल बनाने के लिए पूरी शक्ति लगा देनी चाहिए। वर्तमान डिजिटल युग में भी सनातन संस्कृति से जुडे .रहने का प्रयास करें। सनातन परम्पराएं वैज्ञानिक आधार लिए हुए होती है।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय संसद की विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों का पालन करते हुए विभिन्न मुद्दों पर शानदार बहस प्रस्तुत की।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 55 छात्रों ने 55 मिनट तक मॉक संसद का मंचन किया। जिसमें युवा सांसदों को सरकार और विपक्ष की बेंचों में विभाजित किया गया, जिन्होंने भारतीय संसद की सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जल, कृषि, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, विदेश नीति आदि जैसे विभिन्न मुद्दों पर रचनात्मक और तीखी बहस की। कार्यक्रम की शुरुआत में, युवा सांसदों ने शोक संदेश प्रस्तुत करते हुए श्री रतन टाटा जी के निधन पर संवेदना व्यक्त की।

प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने बताया कि – 'राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ, तार्किक तर्क-वितर्क की क्षमता विकसित करता है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस मॉक संसदीय मंचन में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया है कि वे न केवल बौद्धिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि नेतृत्व करने की क्षमता भी रखते हैं। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा, जिससे हमारे विद्यार्थी देश के भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित राष्ट्र निर्माण प्रयासों के लिए महान संपत्ति हैं।'

युवा संसद के दौरान, महाराष्ट्र और कर्नाटक से नवनिर्वाचित सांसदों ने क्रमशः मराठी और कन्नड़ में शपथ ली, जिससे कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्वरूप स्पष्ट हुआ। इसके बाद, प्रश्नकाल सत्र में विपक्षी सदस्यों ने सरकार से तीखे सवाल पूछे, जिनका सत्तारूढ़ पक्ष ने प्रभावी उत्तर दिया।

निर्णायक मंडल ने छह विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चुना, जिन्होंने स्पीकर, विपक्ष के नेता, प्रधानमंत्री, क़ानून मंत्री, गृह मंत्री और राजस्थान की एक महिला सांसद की भूमिकाएँ निभाईं। इन छात्रों को संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

इस भव्य कार्यक्रम में पार्लियामेंट्री मंत्रालय के प्रतिनिधि प्रो. दिनेश अरोड़ा, और गवर्मेंट कॉलेज ऑफ अजमेर के प्रो. मनोज अवस्थी उपस्थित थे और कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. राजेश कुमार ने किया।

अधिकारियों के साथ भदेल ने की जल की समीक्षा

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने शनिवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय (जल भवन) में अधिकारियों के साथ आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और जल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

विधायक भदेल ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत और क्रियान्वित की जा रही जल परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा में स्वीकृत जल परियोजनाओं में कितनी पाइप लाइनों का कार्य पूरा हो चुका है और कितनी पाइप लाइनों का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने पंप हाउस, उच्च जलाशय, स्वच्छ जलाशय, ब्लॉक फ्लो मीटर और पंप मशीनों की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली।

निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करे- विधायक भदेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़गंज और जेपी नगर उच्च जलाशय, राजाकोठी स्वच्छ जलाशय जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर उपयोग में लाया जाए। उन्होंने शेष पाइप लाइन कार्यों को भी तय समय सीमा में पूरा करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत 15 हैंडपंप और 5 नलकूप के प्रस्तावों को शीघ्र तैयार कर स्वीकृति दिलाने और भौतिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अमृत द्वितीय योजना के तहत स्वीकृत जलाशयों की भूमि आवंटन प्रक्रिया की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक भदेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए ताकि निर्धारित समय सीमा में योजना का लाभ जनता को मिल सके।

विधायक भदेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत को देखते हुए अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और नियमित निरीक्षण कर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

बैठक के दौरान विधायक भदेल ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्थान पर पानी की पाइप लाइन डालने या हैंडपंप के प्रस्ताव तैयार करने से पहले उस स्थान का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्ताव तैयार करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि खुदाई के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए और सकरी गलियों या हाईटेंशन लाइनों की बाधा से बचा जा सके।

होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

अजमेर (कासं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान का प्रदेश स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह 22 मार्च शनिवार को खण्डेलवाल वैश्य सेवा सदन, पुष्कर में जिला अग्रवाल सम्मेलन अजमेर के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग व मीडिया प्रभारी शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अधिवेशन की शुरुआत मंचासीन अतिथियों प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक गर्ग, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हेमराज जिन्दल, महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सन्मति हंकारा, युवा प्रदेश महामंत्री विनीत बंसल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पंसारी, अजमेर जिलाध्यक्ष गिरधारी मंगल, युवा जिलाध्यक्ष दीपक ऐरन, महिला जिलाध्यक्ष रेणु मित्तल सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। अधिवेशन में पुष्कर उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल भी विशेष रुप से शामिल हुए। जिला अग्रवाल सम्मेलन अजमेर व पुष्कर अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा व साफ़ा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रदेश महामंत्री सन्मति हंकारा ने विगत मिटिंग की कार्यवाही रिपोर्ट पढ़कर सदन में पेश की जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पूरे भारत में पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन का कार्य आप सभी के सहयोग से सराहनीय रहा है। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन से आजीवन सदस्यों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वर्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के स्वर्णिम महोत्सव पर पूरे भारत वर्ष की इकाइयों में कार्यक्रम होने हैं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पंसारी ने कहा कि केन्द्र सरकार के आर्थिक आधार पर आरक्षण के संबंध में ई डब्ल्यु एस सर्टिफिकेट बनाने में आ रही जमीन सम्बंधित विसंगतियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार से मांग का आ ान किया गया।

महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को परिवार के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए समाज में व्याप्त प्रि वेडिंग, बढ़ते तलाक जैसी समस्याओं को दूर करना होगा।

योग व्यक्ति को बनाता है स्वस्थ

मेड़ता सिटी, (निसं)। योग का शरीर पर तीन गुना प्रभाव होता है, स्वस्थ व्यक्ति को और स्वस्थ बनाता है । बीमारी बढ़ने से रोकता है, तेजी से स्वास्थ्य सुधार करता है ईश्वर की उपासना, स्वाध्याय, तप , संतोष और शौच । तीसरा अंग है – आसनों का अभ्यास आसन शरीर की ताकत और स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखते हैं । चौथा अंग श्वास की तकनीक यानी प्राणायाम से संबंधित है ।

देवनानी ने जलाशय का शुभारंभ किया

अजमेर (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गर्मी के दौरान पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को 1400 किलो लीटर क्षमता के स्वच्छ जलाशय के शुभारंभ अवसर पर पाबंद किया। यह जलशय 103 लाख रुपए से अधिक की राशि से बनेगा। इससे स्थानीय निवासियों को 48 घंटे में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित रहेगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट सिटी तथा अमृत मिशन के अंतर्गत शहर की जलप्रदाय योजना के संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य हाथ में लिए गए थे। इसके अंतर्गत शनिवार को मिलिट्री स्कूल परिसर में 1400 किलो लीटर क्षमता के स्वच्छ जलशय का शुभारंभ किया गया। इस पर 103 लाख से अधिक की राशि व्यय होगी। इस जलाशय को भरने वाली राइजिंग मुख्य पाइपलाइन 500 मिलीमीटर डीआई के 7 पाइपलाइन की रहेगी। इस जलाशय से आसपास के क्षेत्र को लाभ मिलेगा। तारामणि टैंक से शास्त्री नगर, प्रताप नगर एवं लोहाखान क्षेत्र में, घूघरा घाटी टैंक से जयपुर रोड, भोपों का बाड़ा एवं मीरशाली क्षेत्र में तथा डायरेक्ट सप्लाय और कलेक्ट्रेट टैंक से आरपीएससी और अनुपम नगर क्षेत्र के निवासियों को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध रहेगा ।

यह कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे बस स्टैंड पंप हाउस पर वर्तमान में जल भराव क्षमता 6 लाख लीटर से बढ़कर 20 लाख लीटर हो जाएगी। इससे पंप हाउस से उदगमित जलापूर्तियां 48 घंटे के अंतराल से सुनिश्चित की जा सकेगी।

इसी प्रकार सड़क निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। वार्ड 05 स्थित काली माता मंदिर के पास पंवार जनरल स्टोर श्याम नगर में सड़क निर्माण लागत राशि 9 लाख तथा ग्राम बोराज में शिव विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 10.50 लाख का भी विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा शनिवार को शुभारंभ किया गया।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में पेयजल की समस्या लंबे समय से चली आ रही थी। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतिम सिरे पर होने के कारण यहां इसका अधिक प्रभाव था। सरकार ने पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करना आरंभ किया। लगभग 7 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुई दो टंकियां का निर्माण गत 5 वर्ष से अटका रहा।

इनके निर्माण में आ रही सैन्य एवं तकनीकी बाधाओं को व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करने के लिए वर्तमान सरकार ने प्रयास किए। इनमें से रातिडांग ईदगाह वैशाली नगर में 1200 किलोमीटर क्षमता तथा 24 मीटर ऊंचाई के उच्च जलाशय का निर्माण आरंभ किया गया है। इस पर एक करोड़ 80 लाख की लागत आएगी। इसी क्रम में शनिवार को मिलिट्री स्कूल परिसर में स्वच्छ जलाशय का शुभारंभ किया गया।

'भाजपाराज में रिश्तेदारी चल रही है : पारीक'

मसूदा । स्थानीय रांका रिसॉर्ट में ब्लॉक कांग्रेस की मीटिंग के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राकेश पारीक ने कहा कि कांग्रेस राज में राजकाज के लिए अधिकारी लगते थे लेकिन भाजपा के राज में रिश्तेदारी निभाई जा रही है। पूर्व विधायक पारीक ने कहा कि वर्तमान सरकार में सभी विकास कार्य बंद हो चुके है। मनरेगा में जहां पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 60 हजार से अधिक श्रमिक मनरेगा में पंजीकृत थे। वहीं वर्तमान में 5000 श्रमिक भी नहीं हैं। ब्लॉक कांठोस द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान फूलों की होली खेली गई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी राजेश गुर्जर ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओ को एक जुट होकर पार्टी हित मे कार्य करना है प्रदेश काँठोस कमेटी के निर्देशानुसार सभी मंडलो में भी इसी प्रकार बैठक आयोजित की जाएगी बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों की छुट्टी की जाएगी। मंडल से लेकर बूथ लेवल को मजबूत करना है ,पूर्व विधायक राकेश पारीक ने कहा कि पूर्ववर्ती कांठोस राज में मसूदा का भरपूर विकास किया गया कांठोस सरकार की योजनाओं को बीजेपी सरकार बन्द कर रही है आमजन त्रस्त है, डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि सभी को मतभेद भुलाकर पार्टी को मजबूत करना है कांठोस सरकार में डेयरी ,पशुपालन क्षेत्र में खूब कार्य हुए है ,देहात जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा को डेढ वर्ष हो गया इनके पास गिनाने को कुछ नही है कोई विकास नही हुआ है, पीसीसी सदस्य संठाम सिंह गुर्जर ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी एव सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस का प्रधान बनाना है एव नगरपालिका चुनाव में एक जुट होकर कांग्रेस का बोर्ड बनाना है । कांग्रेसपार्टी छत्तीस कॉम को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है ।

बेदखली नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा बड़ा पुत्र मनोज जांगिड़ उम्र 37 वर्ष जो कि पिछले 7 से 8 वर्षों से मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं है तथा गलत लोगो की संगत में पड़ गया है तथा पिछले कई वर्षों से हम से यानी परिवार के घर से बाहर अलग ही रहता है। चूँकि अब मेरे व मेरे परिवारजन से कोई रिश्ता, नाता, संबंध सरोकार नहीं रहा है मैं अपने पुत्र मनोज जांगिड़ को मेरी समस्त चल व अचल सम्पति से हमेशा-हमेशा के लिये बेदखल करता हूँ। अगर कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र मनोज जांगिड़ से किसी भी प्रकार का लेन-देन, संव्यवहार, संबंध सरोकार रखेगा तो उसके लिये वह स्वंय जिम्मेदार होगा, उसके लिये मैं व मेरी पत्नि जिम्मेदार नहीं होंगे।

द्वारा : गणपत लाल जांगिड पुत्र श्री मोहन लाल जांगिड़
वार्ड नंबर-38, गणेश कॉलोनी, शोभापुरा, नून्दी मेन्द्रातान, तहसील व जिला-ब्यावर (राजस्थान)

आम सूचना

हर आम, खास सूचित हो कि मेरे पक्षकार धनराज सोनी पुत्र श्री नौरत मल सोनी निवासी ओसवाली मोहल्ला जैन मन्दिर के पास मदनगंज किशनगढ़ अजमेर दिनांक 8/3/2025 को मेरे पक्षकार निवास स्थान ओसवाली मोहल्ला मदनगंज किशनगढ़ से अपने मार्बल प्रतिष्ठान दीपक इंडस्ट्रीज पुराना एरिया किशनगढ़ की ओर जा रहा था तभी रास्ते में मेरे पक्षकार की सम्पति के मूल व सभी दस्तावेज 1. प्रेम देवी पत्नी धनराज सोनी खसरा न 527 / 2, प्लाट नंबर 08, गुरु पुष्कर कॉलोनी, मदनगंज किशनगढ़ 2. धनराज सोनी पुत्र स्वर्गीय नौरतमल सोनी प्लाट नंबर 15, मॉडल टाउन, अजमेर रोड, मदनगंज किशनगढ़ के मूल दस्तावेज वह अन्य सम्बन्धी मूल दस्तावेज मेरे पक्षकार का आधार कार्ड व पैन कार्ड लाइसेंस सहित दस्तावेज का बैग गिर गया, जिस की सूचना मेरे पक्षकार द्वारा पुलिस को लिखित में कर दी गयी हैं। आमजन को सूचित किया जाता है। यदि किसी को उक्त दस्तावेज का बैग मिला हो मेरे पक्षकार को सम्भला कर अपना ईनाम प्राप्त कर लें। यदि कोई भी उक्त दोनों प्लाट भूमि की किसी भी प्रकार के खरीद फरोक्त बिना किसी मेरे पक्षकार की सहमति के नहीं करें वरन उक्त खरीद फरोक्त का जिम्मेदार स्वयं होगा । मेरे पक्षकार के अलावा अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय या हस्तान्तरण या कोई दस्तावेज निष्पादित करने का हक व अधिकार नहीं है उसके उपरान्त भी कोई व्यक्ति कथित भूमि का क्रय-विक्रय या कोई दस्तावेज निष्पादित करता है। तो वह शून्य करार होगा जो स्वंय की जिम्मेदारी होवेगी। सो सूचित रहे ।

भवदीय, राहुल भारद्वाज, एडवोकेट, मो. नं. 9928676093

RATED AMONG 101-150 RANK BAND YEAR 2021, 2022 and 2024 IN UNIVERSITY CATEGORY BY nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK Ministry of Education, Govt. of India
ACCREDITED BY: NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
QS I-GAUGE INDIAN UNIVERSITY RATING DIAMOND
NIMS UNIVERSITY RAJASTHAN, JAIPUR

The future of AI is here...
Introducing
Rajasthan's First & Asia's Leading
Dedicated AI Institute
NIMS - MARIK INSTITUTE OF ARTIFICIAL INTELLIGENCE, ROBOTICS AND CYBERNETICS

In association with Europe's finest Artificial Intelligence Institute
CZECH INSTITUTE OF INFORMATICS ROBOTICS AND CYBERNETIC CTU IN PRAGUE

REGISTER TODAY FREE FOR
First Indo-Pacific-European hub for Digital Partnership (INPACE) & European Union (EU) Collaborated International Conference
NIMS AI-CON 2025
APRIL 1-3, 2025 | 10:00 AM ONWARDS
at Rajeshwari Auditorium, Nims University Rajasthan, Jaipur
FIRST 100 PROSPECTIVE STUDENTS WILL GET FREE ACCOMMODATION
Scan to Register
www.nimsaicon.com

JOIN GALAXY OF WORLD CLASS AI SCIENTISTS

DAY-1
Prof. Ikuo Mizuuchi — Tokyo University of Agriculture, Japan — Topic - Human-Inspired Robotics
Prof. Vladik Kreinovich — University of Texas at El Paso, USA — Topic - Spectacular Successes of Deep Learning: Why and What Next?
Prof. Millie Pant — IIT Roorkee, India — Topic - Responsible AI for Health Care
Prof. Miroslav Svítek — Czech Technical University, Prague, Czech Republic (Europe) — Topic - Europe Avenue as a Smart City Testbed in Prague
Prof. Subhashis Banerjee — Ashoka University, India — Topic - Trustworthy AI

DAY-2
Prof. Abdulnasir Hossen — Sultan Quaboos University, Muscat, Oman — Topic - Artificial Intelligence in Medicine: Discrimination between Different Tremors
Dr. Jan Šedivý — CIIRC, Czech Technical University, Prague — Topic - Advancing LLMs: From Training to Smarter Reasoning
PANEL I ▸ Topic - Trends in AI & ML
MODERATOR
Prof. Vladimír Mařík — CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS
José Angel Lopez Mayoralas — Instituto de Inteligencia Artificial, Spain
Prof. Subhashis Banerjee — Ashoka University, India
Dr. Martin Macaš — CIIRC, Czech Technical University, Prague
Prof. A Min Tjoa — Vienna University of Technology Vienna, Austria
Dr. Vladimír Honig — University of Life Sciences, Prague

PANEL II ▸ Topic - AI in Robotics and Manufacturing
MODERATOR
Prof. Václav Hlaváč — CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS
Dr. Pavel Burget — CIIRC, Czech Technical University, Prague
Prof. Ikuo Mizuuchi — Tokyo University of Agriculture, Japan
Dr. Karel Košnar — CIIRC, Czech Technical University, Prague
Dr. Sotiris Makris — University of Patras, Greece

PANEL III ▸ Topic - Medical Applications of AI
MODERATOR
Prof. Olga Štěpánková — Vienna University of Technology, Vienna, Austria
PANELISTS
Prof. Imre Felde — Obuda University, Budapest, Hungary
Prof. Abdulnasir Hossen — Sultan Quaboos University, Muscat, Oman
Dr. Jiří Hozman — Faculty of Biomedical Engineering Czech Technical University, Prague
Prof. Millie Pant — IIT Roorkee, India

DAY-3
Prof. Josef Šivic — CIIRC, Czech Technical University Prague (Europe) — Topic - Learning for physical interaction: from objects to molecular structures
Prof. A Min Tjoa — Vienna University of Technology Vienna, Austria — Topic - Digital Humanism
PANEL IV ▸ Topic-Trends in AI & ML
MODERATOR
Dr. Vit Dočkal — CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS
Dr. Valentina Ivanova — CEA, France
José Angel Lopez Mayoralas — Instituto de Inteligencia Artificial, Spain
Petr Šamánek — CIIRC, Czech Technical University
Dr. Sotiris Makris — University of Patras, Greece

MARIK INSTITUTE IS THE ONLY INSTITUTE IN INDIA WHICH RECOGNIZED AS
Indo-Pacific-European Hub for Digital Partnership in association with European Union (EU)
NVIDIA DGX A100 GPU SERVERS | Equipped with WORLD'S MOST ADVANCED ARTIFICIAL INTELLIGENCE (AI) & DEEP LEARNING LAB | Robotics Labs from KUKA and SIEMENS | 1st in Rajasthan Computational Cognitive Science & Drone Tech. Lab equipped with AI KAPTICS

Reimagine engineering with industry 4.0 courses imparting 21st century skills
Our Specializations in B.Tech & M.Tech: Computer Science and Engineering | Artificial Intelligence & Machine Learning | Robotics & Cybernetic Technology | Cloud Computing | Smart Manufacturing | Data Science | Information Technology

Address: Dr. B.S. Tomar City, Jaipur-Delhi Highway, Jaipur - 303121 (Rajasthan), Visit us at : www.nimsuniversity.org
For further details, Contact: : +91-8306005713, +91-9257025601, Toll Free: 1800 120 1020